Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007
Participants : Panda Shri Prabodh,Kumar Shri Shailendra

>

Title: Need to promote Anganwadi Workers to the post of 'Mukhya Sewika'.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : सभापति महोदय, मैं इस सम्मानित सदन के माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण सवाल आपके सामने रखना चाहता हूं। देशभर से आये हुये आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर पर धरना और प्रदर्शन किया था। उनकी मुख्य मांग यह थी कि उन कार्यकर्त्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोाति किया जाये। उनकी दूसरी मांग थी कि जो कार्यकर्ता हैं,उन्हें मानदेय न देकर रुपये 5000/- वेतन दिया जाये और जो सहायिका हैं, उन्हें 3000 रुपये वेतन दिया जाये। इसके अलावा मुख्य सेविका की जो नियुक्ति होती है, वे बाहर से भर्ती करके ली जाती हैं परन्तु इन लोगों की मांग है कि मुख्य सेविका का पद इन्हीं लोगों में से ही प्रोन्नत करके दिया जाये। सभी सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों को पी.एफ. का लाभ मिलता है, वह इन्हें भी मिलना चाहिये। अभी बजट पर चर्चा में भाग लेते हुये श्रीमती सुमित्रा महाजन ने भी इस बात का उल्लेख किया है। ये सेविकायें पूरा काम करती हैं। स्लम में रहने वाले एस.सी.एस.टी. के बच्चों को पढ़ाने का काम भी करती हैं। इसलिये मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करूंगा कि देश भर से कल जंतर मंतर पर धरना और प्रदर्शन करने के लिये आने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग को मानते हुये इस बजट में या अनुपूरक बजट में सरकारी कर्मचारी घोाति किया जाये और उनके बराबर वेतन दिया जाये।

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Sir, I would like to associate with him.

MR. CHAIRMAN: All those who are present and those who could not be present can also associate with him. But you should leave slips at the Table that you are associating with him on this issue.